भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2819**

जिसका उत्तर 12.08.2026 को दिया जाना है

**तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों का स्तरोन्नयन और चौड़ीकरण**

2819. श्री आर. गिरिराजन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के स्तरोन्नयन और चौड़ीकरण का कार्य कर रही है और यदि हाँ, तो राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के स्तरोन्नयन और चौड़ीकरण कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों की पूर्ण हो चुकी, निर्माणाधीन और अभी तक शुरू नहीं की गई परियोजनाओं की कुल लंबाई कितनी-कितनी है;

(ग) परियोजनाओं को पूरा करने में, यदि कोई विलंब हुआ है, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) विगत पाँच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सरकार तमिलनाडु राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, उन्नयन और चौड़ीकरण के लिए विभिन्न कार्य कर रही है। आज की तिथि अनुसार, कुल 1,911.85 किलोमीटर की लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 961.13 किलोमीटर निर्माणाधीन है। चल रहे कार्यों की वर्तमान स्थिति **अनुलग्नक** में दी गई है।

(ग) परियोजनाओं के निष्पादन में देरी विभिन्न कारकों के कारण होती है, जिसमें भूमि अधिग्रहण और जनोपयोगी सुविधाओं के स्थानांतरण में देरी, रियायतग्राही द्वारा सामना की जाने वाली वित्तीय बाधाएं और अन्य स्थल-विशिष्ट और संविदात्मक मुद्दे शामिल हैं।

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधि का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | वित्त वर्ष | आवंटित निधि | उपयोग की गई निधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 4,262.39 | 4,262.39 |
| 2 | 2022-23 | 8603.76 | 8603.66 |
| 3 | 2023-24 | 9412.12 | 9411.97 |
| 4 | 2024-25 | 8343.91 | 8343.91 |
| 5 | 2025-26 | 8446.51 | 8446.51 |

**अनुलग्नक**

**"तमिलनाडु में राष्ट्रीय राजमार्गों का स्तरोन्नयन और चौड़ीकरण"** के संबंध में श्री आर. गिरिराजन द्वारा पूछे गए दिनांक 12-08-2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2819 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

**तमिलनाडु में निर्माणाधीन परियोजनाएं**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | लंबाई (किमी में) | टीपीसी करोड़ रुपये में | वास्तविक प्रगति (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एनएच-234 (मैंगलोर-विलुपुरम रोड) के रेलवे किमी 130/23-25 पर मौजूदा एलसी संख्या 109ए/3टी के स्थान पर किमी 81/800 (कन्नमंगलम के निकट) पर आरओबी और उसके पहुंच मार्ग (एप्रोच) का निर्माण, जिसमें भूमि अधिग्रहण भी शामिल है। | 1.10 | 98.55 | 74% |
| 2 | सेतु भारतथम परियोजना के अंतर्गत, एलसी 85 के स्थान पर एनएच 49 एक्सटेंशन (मदुरै-कोचीन सड़क) के किमी 93/4 पर और थेनी और बोडी रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे किमी 89/7-8 पर आरओबी का निर्माण | 0.85 | 45.18 | 62% |
| 3 | सेतु भारतथम परियोजना के अंतर्गत, एलसी 68 के स्थान पर एनएच 49 एक्सटेंशन (मदुरै-कोचीन सड़क) के किमी 75/8 पर और औंडीपट्टी और थेनी रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे किमी 72/6-7 पर आरओबी का निर्माण। | 1.26 | 92.02 | 70% |
| 4 | एनएच-234 (मैंगलोर-विलुपुरम सड़क) के मौजूदा लेवल क्रॉसिंग नंबर 86 के स्थान पर एट्टीवाड़ी के निकट किमी 103/4 पर आरओबी और उसके एप्रोच का निर्माण, जिसमें भूमि अधिग्रहण भी शामिल है। | 1.01 | 64.25 | 55% |
| 5 | एनएच-4 (नया एनएच-40) (चेन्नई-चित्तूर बैंगलोर मार्ग) के किमी 109/10 पर एलवीयूपी का निर्माण। | 0.50 | 13.51 | 92% |
| 6 | कोयंबटूर शहर में साईबाबा कॉलोनी जंक्शन पर एनएच 67 के किमी 348/6 - 349/8 (नए एनएच 181 के किमी 15/6 - 16/8) (नागपट्टिनम - गुडलुर - मैसूर रोड) पर जंक्शन सुधार सहित फ्लाई ओवर का निर्माण | 1.14 | 59.93 | 95% |
| 7 | एनएच 49 एक्सटेंशन (नया एनएच 85) के किमी 6/850 - 10/382 में मदुरै - अचम्बाथु - विराटिपथु के लिए बाईपास का निर्माण, जिसमें भूमि अधिग्रहण (एलए) और जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण शामिल है। | 3.53 | 238.97 | 94% |
| 8 | एनएच 2O8 कोल्लम-थिरुमंगलम रोड के किमी 99/4 (एलसी गेट नंबर 503/स्पेशल - ए -3/ई) पर आरओबी और उसके एप्रोच का निर्माण | 1.23 | 53.02 | 89% |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | न्यू सिनेमा जंक्शन किमी 62/4-63/0 पर स्थित ब्लैक स्पॉट (टीएन-(02)-635) का किमी 62/6-62/880 पर अतिरिक्त उच्च स्तरीय पुल का प्रावधान करके स्थायी सुधार जिसमें एनएच 45ए (नया एनएच 32) (विलुपुरम - पॉन्डी - नागपट्टिनम रोड) पर मौजूदा सड़क का चौड़ीकरण, सेंटर मीडियन, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, सीडी कार्य और जंक्शन सुधार शामिल हैं। | 0.60 | 31.45 | 94% |
| 10 | एनएच-234 (नया एनएच-75) (मैंगलोर-विलुपुरम रोड) के किमी 56/2 पर मौजूदा 2 लेन बो-स्ट्रिंग आरओबी के बगल में एक अतिरिक्त 2 लेन बो-स्ट्रिंग आरओबी का निर्माण। | 0.45 | 33.52 | 25% |
| 11 | तमिलनाडु राज्य में ईपीसी मोड पर वार्षिक योजना 2024-25 के अंतर्गत एनएच-38 (पुराना एनएच 234) मंगलौर-विलुपुरम सड़क के किमी 0/000 से किमी 12/300 (लंबाई 12.300 किमी) तक सुदृढ़ीकरण। | 12.30 | 20.83 | 95% |
| 12 | तमिलनाडु राज्य में वार्षिक योजना 2024-25 के अंतर्गत वेट्टावलम कस्बे के लिए चै.0/0 से चै.4/465 तक (एनएच-38 मंगलौर-विलुपुरम सड़क के किमी 104/850 से शुरू होकर किमी 109/190 पर समाप्त होने वाला) चार लेन के बाईपास का निर्माण। | 4.47 | 50.68 | 31% |
| 13 | तमिलनाडु राज्य में वार्षिक योजना 2024-25 के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 948 (कोयंबटूर-सत्यमंगलम सड़क) के किमी 268/40 से किमी 271/30 और किमी 273/00 से किमी 273/80 तक मौजूदा 2 लेन पेव्ड शोल्डर का 4 लेन पेव्ड शोल्डर में चौड़ीकरण (लंबाई 5.40 किमी), जिसमें तीन ब्लैक स्पॉट (आईडी - टीएन-02-238, टीएन-02-239 और टीएन-03-260) का स्थायी रूप से सुधार कार्य शामिल है। | 5.40 | 52.21 | 56% |
| 14 | तमिलनाडु राज्य में वार्षिक योजना 2024-25 के अंतर्गत एनएच 381ए (लंबाई 22.70 किमी) (वेल्लाकोइल - संकगिरी रोड) के 15/600-38/800 किमी (28/2-28/6 किमी और 33/100-33/200 किमी को छोड़कर) पर पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में चौड़ीकरण और किमी 17/300-21/300, किमी 22/200-26/0, किमी 26/600-28/0, किमी 28/60-30/8, किमी 31/700-33/100, किमी 33/200-35/200 और किमी 36/200-38/800 पर सुधार कार्य। | 22.70 | 63.60 | 60% |
| 15 | तमिलनाडु में एनएच 948 के किमी 302/60 से किमी 306/60 तक मौजूदा दो लेन वाली सड़क का पेव्ड शोल्डर सहित चार लेन में चौड़ीकरण और सुधार कार्य, जिसमें सीडी कार्य और ड्रेनेज कार्य शामिल हैं। | 4.00 | 44.09 | 100% |
| 16 | तमिलनाडु राज्य में वार्षिक योजना 2024-25 के अंतर्गत एनएच 948 (लंबाई 3.40 किमी) (बैंगलोर - सत्यमंगलम - कोयंबटूर सड़क) के गणपति मूर मार्केट जंक्शन (टीएन-02-623) के किमी 312/0 से किमी 315/4 पर स्थित ब्लैकस्पॉट को समाप्त करने के लिए सुधार कार्य। | 3.40 | 51.02 | 8% |
| 17 | तमिलनाडु में ईपीसी आधार अनुबंध पर वार्षिक योजना 2024-25 के अंतर्गत एनएच-38 (लंबाई 54.223 किमी) (मैंगलोर - विलुपुरम सड़क) के किमी 22.000 से किमी 78.000 तक सुदृढ़ीकरण कार्य। | 54.22 | 71.03 | 55% |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18 | तमिलनाडु राज्य में वार्षिक योजना 2025-26 के अंतर्गत ईपीसी आधार अनुबंध पर एनएच 32 (थूथुकुडी - तिरुचेंदूर - कन्याकुमारी रोड) के किमी 21/200 पर स्थित उच्च स्तरीय पुल की मरम्मत एवं पुनर्वास का कार्य। | 0.28 | 6.09 | 74% |
| 19 | तमिलनाडु राज्य में वार्षिक योजना 2024-25 के अंतर्गत ईपीसी मूल अनुबंध के तहत एनएच 181 (कोयंबटूर - ऊटी - गुंडलूपेट सड़क) के किमी 31/600 से 32/000 तक मेट्टुपालयम के सर्विस रोड और पेरियानाइकेनपालयम फ्लाईओवर के साईड एप्रोच का चौड़ीकरण, जिसमें भूमि अधिग्रहण भी शामिल है। | 0.40 | 7.43 | 23% |
| 20 | तमिलनाडु राज्य में एनएच 179ए (सलेम - तिरुप्पथुर - वानीयमबाड़ी सड़क) के किमी 0/0 - 15/4, किमी 16/350 - 17/8 और किमी 35/6 - 36/0 पर सुधार कार्य। | 17.25 | 20.90 | 43% |
| 21 | एनएच 181 (कोयंबटूर - गुंडलूपेट सड़क) के किमी 16/8 - 17/340 पर जंक्शन सुधार कार्य करना, जिसमें किमी 17/2 (सांगानूर पल्लम) पर क्षतिग्रस्त पुल का पुनर्निर्माण शामिल है। | 0.54 | 15.96 | 0% |
| 22 | एनएच-209 के कमलापुरम - ओड्डांचत्रम खंड का 4-लेन का निर्माण | 36.5 | 1319.4 | 92.5% |
| 23 | एनएच-209 के मदाथुकुलम-पोलाची खंड का 4-लेन का निर्माण | 50.1 | 1772.1 | 96.3% |
| 24 | एनएच-744ए (मदुरै रिंग रोड) के वाडीपट्टी-थमरायपट्टी खंड का 4-लेन का निर्माण | 30.0 | 900.1 | 99.3% |
| 25 | एनएच-338, एनएच-36 और एनएच-383 के मेलूर-कराइकुडी खंड का 4-लेन का निर्माण। | 45.9 | 1103.9 | 97.3% |
| 26 | एनएच-45ए के सत्तनाथपुरम-नागपट्टिनम खंड का 4-लेन का निर्माण | 55.8 | 2899.8 | 85.0% |
| 27 | एनएच-48 के कराईपेट्टई से वालाजापेट खंड का 6-लेन का निर्माण | 36.1 | 766.5 | 98.0% |
| 28 | एनएच-332ए के मामल्लापुरम - मुगैयूर खंड का 4-लेन का निर्माण (पैकेज-1) | 31.0 | 1360.5 | 71.5% |
| 29 | एनएच-332ए के मुगैयुर-मरक्कनम खंड का 4-लेन का निर्माण (पैकेज-2) | 31.0 | 1116.1 | 62.7% |
| 30 | एनई 7 (पैकेज-I) के बेंगलुरु से चेन्नई एक्सप्रेसवे (गुडीपाला से वालाजापेट) के खंड का 4 लेन का निर्माण | 24.0 | 1481.9 | 99.1% |
| 31 | बैंगलोर - चेन्नई एक्सप्रेसवे किमी 180+000 - किमी 204+500 (वालाजहपेट - अराकोणम) - (पैकेज-II) का 4 लेन का निर्माण | 24.5 | 1106.7 | 98.1% |
| 32 | एनई-7 के बैंगलोर चेन्नई एक्सप्रेसवे (अराकोणम से कांचीपुरम) खंड का 4 लेन (पैकेज-III) | 25.5 | 1525.1 | 53.6% |
| 33 | एनई-7 के बैंगलोर-चेन्नई एक्सप्रेसवे (कांचेपुरम से श्रीपेरंबुदूर) खंड का 4 लेन (पैकेज-IV) | 31.7 | 3605.7 | 90.0% |
| 34 | एनएच-844 के नेरलुरु-थोरापल्ली अग्रहारम खंड का 4-लेन का निर्माण (पैकेज-I) | 23.4 | 1757.3 | 83.0% |
| 35 | एनएच-844 का थोरापल्ली अग्रहारम - जित्तांदहल्ली खंड का 4-लेन का निर्माण (पैकेज-II) | 36.8 | 1243.6 | 89.2% |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 36 | एनएच-744 के थिरुमंगलम से वडुगापट्टी खंड का 4- लेन का निर्माण (पैकेज-I) | 36.0 | 1077.0 | 95.5% |
| 37 | एनएच-716 के तिरुपति-तिरुट्टानी-चेन्नई खंड के तिरुवल्लूर बाईपास से वेप्पमपट्टू बाईपास तक थन्नेरकुलम, थोजूर और सेवापेट बाईपास से गुजरने वाले 4-लेन का शेष कार्य। | 17.5 | 468.0 | 97.9% |
| 38 | एनएच-66 के केरल/ तमिलनाडु सीमा कन्याकुमारी में अतिरिक्त संरचनाओं सहित शेष कार्यों को 4 लेन का बनाना। | 23.1 | 1564.2 | 80.7% |
| 39 | चेन्नई पोर्ट से मदुरवॉयल तक नया डबल टियर 4-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर (पैकेज-I) | 4.9 | 1388.6 | 23.5% |
| 40 | चेन्नई पोर्ट से मदुरवॉयल तक नया डबल टियर 4-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर (पैकेज-II) | 5.1 | 1617.0 | 18.9% |
| 41 | चेन्नई पोर्ट से मदुरवॉयल तक नया डबल टियर 4-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर (पैकेज-III) | 4.5 | 1299.4 | 17.7% |
| 42 | चेन्नई पोर्ट से मदुरवॉयल तक नया डबल टियर 4-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर (पैकेज-IV) | 6.4 | 1205.4 | 9.0% |
| 43 | श्रीपेरुम्बुदुर के निकट एनएच 48 के मदुरवॉयल-वालाजाहपेट खंड को बैंगलोर-चेन्नई एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले ट्रम्पेट इंटरचेंज का निर्माण। | 1.1 | 162.6 | 38.5% |
| 44 | एसटीआरआर बेंगलुरु, एनएच 948ए बालागोंडापल्ली (तमिलनाडु) से कर्नाटक/तमिलनाडु सीमा तक 4-लेन का निर्माण | 35.8 | 1260.7 | 90.7% |
| 45 | एनएच-716 के तिरुवल्लूर से तमिलनाडु/आंध्र प्रदेश सीमा खंड तक (चेन्नई-तिरुपति पैकेज-1) पेव्ड शोल्डर सहित चार लेन का प्रवेश नियंत्रित राजमार्ग। | 44.0 | 1376.1 | 40.8% |
| 46 | एनएच-48 के श्रीपेरुम्बुदुर से कराईपेट्टई खंड को छह लेन का बनाने के लिए शेष कार्य | 16.8 | 411.2 | 36.6% |
| 47 | एनएच-40 के वालाजापेट/रानीपेट से तमिलनाडु/आंध्र प्रदेश सीमा तक जाने वाला 4 लेन का प्रवेश नियंत्रित राजमार्ग। | 28.0 | 1338.1 | 13.5% |
| 48 | एनएच 45सी के विक्रवंडी से सेथियाथोपु खंड के चार लेन के निर्माण का शेष कार्य | 66.0 | 834.4 | 33.6% |
| 49 | एनएच-44 के धर्मपुरी-सलेम खंड में थोप्पुर घाट खंड के संरेखण का सुधार कार्य। | 6.6 | 905.0 | 45.1% |
| 50 | एनएच-87 के परमाकुडी से रामनाथपुरम खंड का 4 लेन का निर्माण। | 46.7 | 1853.2 | 0.0% |

*****